सं.:1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 23 फरवरी, 2022

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी.जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में सूचना

महोदया/महोदय,

सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में, सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा सोमवार, 28 फरवरी, 2022 को आयोजित होने वाली अपनी बैठक में, अन्य विषय के साथ, निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है:

क) संसाधनों का जुटाव अर्थात घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से बॉण्ड इश्यू, सावधि ऋण, वाणिज्यिक पेपर आदि के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बाजार ऋण कार्यक्रम।

   उक्त बैठक में निदेशक मंडल द्वारा इस संबंध में प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान वास्तविक रूप से समय-समय पर निधियां जुटाई जाएंगी।

ख) कंपनी के संगम-ज्ञापन के ऑब्जेक्ट क्लॉज में संशोधन।

इस संबंध में, कंपनी की 'अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, उसकी मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग हेतु आचार संहिता' (संहिता) के अनुसार, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों (करमुक्त बॉण्ड आदि) में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो बुधवार, 23 फरवरी, 2022 से सोमवार, 28 फरवरी, 2022 को बोर्ड बैठक समाप्त होने के 48 घंटों तक बंद रहेगी तथा 3 मार्च, 2022 से पुनः खुल जाएगी।

अतः सभी निर्दिष्ट व्यक्तियों एवं उनके निकटतम संबंधियों को सलाह दी गई कि उपर्युक्त अवधि के दौरान किसी भी लेन-देन में शामिल न हों/ व्यापार न करें जिसमें पीएफसी के इक्विटी शेयरों/ प्रतिभूतियों की बिक्री अथवा खरीद शामिल हो।

आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com